ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – तीन---- **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक-1** **विषय : हिंदी**

नाम -----------------------

अपठित बोध

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

दो सहेलियाँ थी रीमा और सीमा। दोनों एक साथ पढ़ती और खेलती थीं। एक दिन दोनों घर जा रहीं थी कि दो कुत्ते लड़ते हुए उधर आ निकले। रीमा कुत्तों से बहुत डरती थी। वह कुत्तों को देखकर भागने लगी और ठोकर खा कर गिर पड़ी। उसकी टाँग से खून बहने लगा। सीमा दौड़कर उसके पास पहुँची। टाँग से खून बहता देख, उसने तुरंत अपना रूमाल घाव पर बाँध दिया और रीमा को सहारा देकर घर ले गई । रीमा की माँ उसे डॉक्टर के पास ले गई। डॉक्टर ने रीमा की चोट पर दवा लगाकर पट्टी बाँध दी। रीमा की माँ ने सीमा की बड़ी प्रशंसा की।

(क) दोनों सहेलियों के क्या नाम थे ?

(i) रीमा और गीता (ii) रीमा और सीमा (iii) रीमा और माया

(ख) रीमा किससे डरती थी ?

(i) कुत्तों से (ii) बिल्ली से (iii) छिपकली से

(ग) रीमा की माँ उसे किसके पास ले गई ?

(i) डॉक्टरों पास (ii) हकीमों पास (iii) दुकानदारों पास

(घ) 'उधर' शब्द का विलोम शब्द लिखिए |

(ङ) 'पट्टी' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए |

पाठ्यपुस्तक

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए -

(क) झूम-झूमकर गीत कौन सुना रहा है व कवि किसकी तरह झूमना चाहते हैं ?

(ख) गेहूँ की बालियाँ दिखने में कैसी लगती हैं ?

प्रश्न 3 रिक्त स्थान भरें -

(क) ------------------ की बालियाँ पक गई हैं |

(ख) सोने की-सी ------------ लग रही हैं |

(ग) ------------ गीत सुना रहे हैं |

(घ) लहराते खेतों को देखकर ------------------------- झूमते हैं |

व्याकरण

प्रश्न 4 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

(क) सूखा - --------------------

(ख) अपना - --------------------

(ग) मित्र - --------------------

(घ) अच्छा - --------------------

प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

(क) रात - -------------------- ------------------

(ख) वर्षा - -------------------- -------------------

(ग) हवा - -------------------- -------------------

(घ) पानी - -------------------- -------------------

<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

सत्र 2024-25

कक्षा – तीन----- **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक -2** **विषय : हिंदी**

नाम ----------------------

<u>पाठ्यपुस्तक</u>

प्रश्न 1 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(क) झोंपड़ी - ---------------------

(ख) आदर - ---------------------

प्रश्न 2 रिक्त स्थान भरिए -

(क) एक बार राजा ----------------- पर गया था |

(ख) झोंपड़ी में एक ---------- औरत थी |

(ग) मंत्री ----------------- के लिए पानी माँगने गया था |

प्रश्न 3 किसने कहा , किससे कहा ?

(क) "माँ , एक बात पूछूँ !"

(ख) "अब मैं स्वयं जाकर पानी माँगता हूँ |"

प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए -

(क) मंत्री के पानी माँगने पर उसे पानी क्यों नहीं मिला ?

(ख) राजा झोंपड़ी के पास क्यों गए ?

प्रश्न 5 निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर 'मेरा प्रिय मित्र' विषय पर 70-80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए -

मित्र नाम , माता-पिता , विद्यालय , मस्ती , कपड़े , पसंद , खाना

ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

सत्र 2024-25

कक्षा – तीन ------ **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक-3** **विषय : हिंदी**

नाम ------------------------ **व्याकरण**

प्रश्न 1 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए -

(क) कवि - ------------------

(ख) चूहा - ------------------

(ग) बूढ़ा - ------------------

(घ) बिल्ली - ------------------

प्रश्न 2 निम्नलिखित वाक्यों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए -

(क) चुहिया बिल में घुस गई |

(ख) गायक गाना गा रहा है |

प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए -

(क) मछली - --------------------

(ख) बहनें - --------------------

(ग) तारे - --------------------

(घ) मालाएँ - --------------------

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों के वचन बदलकर लिखिए -

(क) आकाश में पतंग उड़ रही है |

(ख) बेटे बाज़ार जा रहे हैं |

प्रश्न 5 निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर 'मेरा घर' विषय पर 70-80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए -

खाना , सुंदर , बगीचा , रसोईघर , झूले , पेड़-पौधे